महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक रू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2026 / 1396 दिनांकः—10.09.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः— **नई शिक्षा नीति—2020 से अच्छादित स्नातक स्तर पर पंचम एवं षष्ठ्म सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर स्तर पर तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर स्पेशल बैक परीक्षा 2026 के बाह्य प्रयोगात्मक/आन्तरिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल के माध्यम से सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि नई शिक्षा नीति—2020 से अच्छादित स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम (बी0ए0, बी0एस—सी0, बी0कॉम, बी0बी0ए0, बी0बी0ए0—रिटेल / हेल्थ केयर, बी0एस—सी0 (गृहविज्ञान) पंचम एवं षष्ठ्म सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर स्तर पर (एम0ए0, एम0एस0सी0, एम0काम0, एम0एस0सी0 (गृहविज्ञान) पाठ्यक्रमों के तृतीय, एवं चतुर्थ सेमेस्टर सत्र 2025—26 स्पेशल बैक परीक्षा के बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा कराने हेतु तिथि **14.09.2026** तक विस्तारित की जाती है। उपरोक्त पाठ्यक्रमों की लिखित परीक्षा हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों से सम्बद्ध किये महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों की बाह्य प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित करायी जायेगी। संबंधित परीक्षा केन्द्र अपने स्तर से राजकीय / अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत स्थायी / अवकाश प्राप्त शिक्षकों से सम्पर्क कर बाह्य प्रयोगात्मक परीक्षाये सम्पन्न करा सकते है, साथ ही बाह्य प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु आमंत्रित किये गये बाह्य परीक्षकों की सूची अनुमोदन हेतु विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। आन्तरिक परीक्षा के अंक महाविद्यालय स्तर पर विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किये जायेगें।

सभी सम्बन्धित महाविद्यालय / परीक्षा केन्द्र इस मध्य बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न करा लें। दिनॉक **14.09.2026** के पश्चात् किसी भी दशा में अंक स्वीकार नहीं किये जायेगें तथा ऐसे महाविद्यालय जो इस मध्य अंक अपलोड नहीं करते हैं उनका परीक्षाफल घोषित करना संभव नहीं होगा तथा इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा। उपरोक्त तिथि के पश्चात बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा कराकर अंकपर्ण उपलब्ध कराने वाले महाविद्यालयों पर विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है।

आपसे अनुरोध है कि कृपया प्राथमिकता के आधार पर उपरोक्त पाठ्यक्रमों के प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा के अंक निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें, ताकि परीक्षाफल घोषित किये जाने के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

**नोट— आपसे अनुरोध है कि कृपया बाह्य प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर सावधानीपूर्वक अपलोड करें। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर आप स्वयं उत्तरदायी होगें।**

भवदीय
11.9.26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. मीडिया प्रभारी।
2. उप—कुलसचिव (गोपनीय)।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
4. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
5. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
6. वै0 सहायक, कुलसचिव।

11.9.26
परीक्षा नियंत्रक